सार-समाचार

गुड़ामालानी थाने में सी.एल.जी. बैठक हुई

गुड़ामालानी, (निसं)। ईद त्योहार एवं नुतन वर्ष को लेकर गुडामालानी थाना परिसर में अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस, पुलिस उपाधीक्षक सुखाराम विश्नोई, सीआई देवीचंद ढाका के सानिध्य में सीएलजी सदस्यों कि बैठक आयोजित हुई। सीएलजी बैठक में सीएलजी सदस्यों ने ट्राफिक व्यवस्था ओर अतिक्रमण हटाने कि मांग रखीं। जिस पर ट्राफिक व्यवस्था को लेकर नये पुलिस के स्टाफ लगाकर निजात दिलाने का आश्वासन दिया। सीता चौधरी ने महिला सुरक्षा जागरूकता को लेकर पुलिस प्रशासन को सहयोग करने कि अपील की । प्रधान बिजलाराम चौहान ने अवैध शराब दुकाने,चोरी,काले शीशे की गाडी के मुद्दों को लेकर बात कही। अतिरिक्त जिला अधिक्षक जसाराम बोस ने कहा कि क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आमजन पुलिस का सहयोग करें। चोरी वारदात को लेकर कहा कि बडे गांव में एक पंचायत स्तर एक चोकीदार रखे जिससे चोरी वारदात में कमी आये । बोस ने नशे को लेकर कहा कि अपने अपने परिवार के बच्चों को नशे से दुर रखने के लिए ध्यान रखें। ऐसे मामले में गांव के लोग पुलिस का सहयोग करें। बैठक में प्रधान बिजलाराम चौहान, बालकिशन खत्री, जालमसिंह, टीकमाराम पटेल,गफुर खान मोयला, सदर जफर खान,खिमाराम सांसी, फिरोज खान, आलम खान, सीता चौधरी सहित सीएलजी सदस्य एवं गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकट पामेरा के गलु बाई रामाजी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान दिवस के उपलक्ष में नो बैग-डे कार्यक्रम के अंतर्गत कई सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। शिक्षक व विद्यार्थी राजस्थान की पारंपरिक पोशाक कुर्ता, साडी, घाघरा, साफा,धोती- कुर्ता, पाजामा, अंगरखा,राजपूती पोशाक इत्यादि पहनकर विद्यालय आए। जिससे राज्य की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व विविधता को समझने और सराहने का अवसर मिला। प्रधानाचार्य गमनाराम कोली ने बताया कि यह गतिविधि विद्यार्थियों को राजस्थान की लोक परंपरा से जुडने में मदद करेगी और राजस्थान की परंपराओं का अनुभव करने में मददगार साबित होगी। कार्यक्रम प्रभारी पंचायत शिक्षक जगदीश धारावत णे बताया कि विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी भाषा मे भाषण, कविता,राजस्थानी गीत की प्रस्तुतियां दी गई और राजस्थानी फिल्मों के संवाद बोलकर राजस्थानी भाषा के शब्दों को सीखने का प्रयास किया गया। व्याख्याता जयप्रकाश नागर ने विद्यार्थियों को राजस्थानी कला व संस्कृति कि जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक छीना राम, भरत शर्मा और शिक्षक दीप सिंह, डायालाल ओझा, धर्मेन्द्र खत्री, विक्रम कुमार, कुलदीप पुरोहित, जगदीश राव, गणपत सिंह राव व शिक्षिका विमला व्यास ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग किया।

जसाराम बोस ने वार्षिक निरीक्षण किया

गुड़ामालानी, (कासं)। बाडमेर अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस ने वार्षिक निरीक्षण पुलिस थाने का कर व्यवस्थाएं देखी। वहीं कुछ कमी को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शनिवार को बाडमेर अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस ने पुलिस थाने का निरीक्षण करते हुए स्वागत कक्ष,मालखाना,जब्त मोटर साइकिलों एवं बडे वाहनों सहित सम्पूर्ण रिकॉर्ड का अवलोकन किया । तथा आवश्यक सुधार लाने को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। रेंज कार्यालय के अभियानों की प्रगति को लेकर समीक्षा की गई । निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक सुखाराम विश्नोई एवं थाना प्रभारी देवीचंद ढाका उपस्थित रहे।

मदरसा असगर पिया में कार्यक्रम हुआ

मंडार, (निसं)। मंडार कस्बे के मदरसा असगर पिया में शनिवार को राजस्थान दिवस को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम मौलाना नोमान को साफा पहनाया। बच्चों के बनाये गये पोस्टर का विमोचन किया। राजस्थान की स्थापना पर भाषण कार्यक्रम के बाद सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित किया। बच्चों ने घुमर, मोर बोले रे, रंगीलो राजस्थान आदि गानो पर बेहतरीन प्रस्तुती दी अन्त मे रूष्ठरू मे राजस्थान के प्रसिद भोजन दाल बाटी चुरमा खिला कर कार्यकम की समाप्ति कि गई इसमे सभी मदरसा स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा कार्यक्रम में मदरसा स्टाफ अकरम खान, अमजद खान, विक्रम कुमार आदि उपस्थित रहे।

लेखन में राज्य स्तर पर देवेन्द्र प्रथम

जालोर, (कासं)। बागरा के प्रतिभाशाली युवा देवेन्द्रराज सुथार ने भारतीय डाक विभाग की अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने लेखन का आनंद डिजिटल युग में पत्रों का महत्व विषय पर चीफ पोस्टमास्टर जनरल, जयपुर को पत्र लिखा, जिसमें पत्र लेखन की प्रासंगिकता और इसकी भावनात्मक गहराई को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्हें 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि 2017 में भी सुथार ने इसी प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

नियुक्ति पत्र पाकर नवनियुक्त कार्मिकों के चेहरे खिले

जालोर, (कासं)। राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला स्तर पर जालोर क्लब में शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम जिले के प्रभारी मंत्री के. के. विश्नोई, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

जिला स्तरीय समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान राज्य विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के माध्यम से नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पांचवी विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिल रहा हैं तथा विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा, किसान, महिला, वृद्ध एवं गरीब के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में नकल मुक्त परीक्षाओं का आयोजन करवा सफल परीक्षार्थियों को जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे हैं। राइजिंग राजस्थान के माध्यम से 35 लाख करोड़ के एमओयू किए गए हैं।

अतिथियों द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के नवनियुक्त छात्रावास अधीक्षक महेश कुमार, हीराराम, आशीष नवारिया व नितेश तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में नियुक्त सुपरवाईजर रेणू, एवन बाई व पवन कुमारी को नियुक्ति पत्र सौंपे गए तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसर डिम्पल चौहान व निर्मला कुमार व एएनएम खुशबू सैन को नियुक्ति पत्र के साथ वेलकम किट प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला प्रमुख राजेश कुमार, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा, जसराज राजपुरोहित, श्रवणसिंह राव, रवि सोलंकी, दीपसिंह धनानी, मंजू सोलंकी, ओबाराम देवासी, बाबुलाल मेघवाल, मंगलसिंह सिराणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भेराराम जाणी, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनलाल विश्नोई, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी व बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजीव सुथार सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक व लाभार्थी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय पर नगर परिषद जालोर परिसर से रन-फॉर-फिट राजस्थान दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने भाग लिया। दौड़ नगर परिषद से शुरू होकर आहोर चौराहे से होते हुए स्टेडियम में पहुंची। इस अवसर पर रवि सोलंकी, अशोक गुर्जर, वुशू प्रशिक्षक छवि चौधरी नरेन्द्र कुमार लोहार, शारीरिक शिक्षक रमेश कुमार राव, खेल संघ के भागीरथ गर्ग, केसाराम, योग प्रशिक्षक अनन्या परमार मौजूद रहे।

युवाओं को रोजगार के अवसर देना राज्य सरकार की प्राथमिकता : भायल

बालोतरा, (निसं)। राजस्थान दिवस सप्ताहिक महोत्सव के तहत शनिवार को बालोतरा पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन हुआ।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, पूर्व राजस्व मंत्री अमराराम चौधरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में 93 युवाओं को नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट प्रदान किए गए।

इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअली विभिन्न जिलों के नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद एवं संबोधित करते हुए उत्साहवर्धन किया।

सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल ने नवनियुक्त कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बनी हमारी सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने का कार्य प्राथमिकता से कर रही है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे है। उन्होने कहा कि बालोतरा जिले के विकास के लिए मुख्यमंत्री जी के द्वारा जो बजट घोषनाएं की गई, उन्हें प्रभावी क्रियान्विती के साथ धरातल पर उतारा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जिले में पेयजल की समस्या का निदान करने हेतु नर्मदा का जल लाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जायेगा। उन्होने नव कार्मिको को बधाई देते हुए कहा कि आमजन को सहयोग करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करें।

इस अवसर पर पूर्व राजस्व मंत्री अमराराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश भर में सराहनीय कार्य हुए है। भजनलाल सरकार में पिछले 15 साल से संविदा पर कार्य कर रहे कार्मिकों को नियमित करने का कार्य किया। उनकी खुशी से बढकर कुछ नही है। कई सालों से संविदा पर कार्य करने वालों के लिए यह सपने के साकार होने जैसा है।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व राजस्व मंत्रा अमराराम चौधरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी के द्वारा जिले के 93 युवाओं को नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट प्रदान किए गए। जिसमें चिकित्सा विभाग के 75, महिला एवं बाल विकास विभाग के 5, कृषि विभाग के 1, शिक्षा विभो के 7, इंजीनियरिंग के 2, सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग के 2, राजस्व के 1 एवं लेखा विभाग से 1 कार्मिक शामिल है।

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा विभाग में नवनियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कविता का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से संवाद हुआ।

संवाद कर कविता ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद पर चयन हेतु मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नौकरी मिलने से घर परिवार में खुशी का माहौल है। उन्होने बताया कि गांव के लोग उन्हे मिठाई खिलाने के साथ सम्मान कर रहे है। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री रोजगार एवं युवा सम्मेलन आयोजित

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के विविध आयोजनों की कड़ी में आज कोटा में राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार एवं युवा सम्मेलन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं को अनेक सौगात दी और आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

इस आयोजन का लाईव प्रसारण शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम बांगड कॉलेज में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विकास मारवाल ने बताया कि रोजगार उत्सव में चिकित्सा विभाग से 176, प्रारंभिक शिक्षा से 7, माध्यमिक शिक्षा से 6, कॉलेज शिक्षा से 7, कोष विभाग से 4, महिला अधिकारिता विभाग से 2 तथा सामाजिक न्याय विभाग से 5 कार्मिक सहित करीब दो सौ से अधिक नव.नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

कार्यक्रम रोजगार उत्सव (7000 नियुक्ति पत्र वितरण), रोजगार मेला का आयोजन जिला मुख्यालय पर, स्किल नीति का विमोचन, युवा नीति का विमोचन, द्रोणाचार्य अर्वाडियों को भूमि आवंटन के लिए दिशा-निर्देश, निजी क्षेत्र में रोजगार पर रुपये 10 हजार की सहायता के लिए योजना के दिशा-निर्देश जारी करना, अटल ज्ञान केन्द्र के दिशा-निर्देश जारी करना, नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र के दिशा-निर्देश जारी करना, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, बच्चों को बैग एवं युनिफोर्म का डीबीटी किया गया। जिला कलक्टर एलएन मंत्री, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विकास मारवाल, महिला अधिकारिता विभाग उप निदेशक भागीरथ चौधरी, मुख्य आयोजना अधिकारी रामदयाल राठौड़ सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं युवा लाभार्थी मौजूद रहे।

वहीं रविवार को प्रातः 7 बजे रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ का रूट चार्ट बांगड स्कूल से अम्बेडकर सर्कल से पुनः बांगड़ स्कूल पर समापन होगा। विजेताओं को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कार दिए जाएंगे एवं सरस डेयरी द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की जावेगी। खिलाड़ी/ आमजन, स्कूली विद्यार्थी/ महाविद्यालय विद्यार्थी/ एन. एस.एस व एन.सी.सी/स्काउट्स व गाइड्स/नेहरू युवा केन्द्र एवं खेल संघों व खेल अकादमियों के खिलाड़ी एवं प्रशिक्षणार्थी भाग लेंगे।

सांस्कृतिक संध्या व कवि सम्मेलन होगा

30 मार्च को राजस्थान दिवस पर सांस्कृतिक संध्या श्री रतनचंद लोढ़ा बाल निकेतन स्कूल में सायं 6 से रात्रि 10 बजे तक होगी। सांस्कृतिक संध्या में दीप प्रज्जवल, अतिथियों का स्वागत, स्वागत गीत एवं लंगा गाय मिठ्ठु खां लंगा पार्टी, घूमर एवं तेरहताली नृत्य लीला देवी पादरला, कालबेलिया नृत्य राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के कलाकारों द्वारा, मयूर नृत्य जितेन्द्र पाराशर डीग भरतपुर एवं पाली जिले के स्थानीय कलाकरों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी। कवि सम्मेलन भी होगा।

रिजर्व पुलिस लाइन में आर.ओ. प्लांट का उद्घाटन

जालोर, (कासं)। रिजर्व पुलिस लाईन जालोर में शनिवार को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस एसओजी एवं एटीएस विजय कुमार सिंह की उपस्थिति में ओडवाड़ा निवासी भामाशाह बाबुलाल पुत्र कस्तुरजी राजपुरोहित के सौजन्य से निर्मित आर.ओ. प्लांट का उद्घाटन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, भामाशाह परिवार के सदस्य एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

वहीं वी. के. सिंह अति. महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजा राजस्थान जयपुर ने जालोर में वार्षिक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाईन में परेड सलामी दी गई तथा भव्य परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान दौरान मोटाराम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आवडदान रतनू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सांचौर, कैलाश विश्नोई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला सैल, भूपेन्द्र सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक त्वरित अनुसंधान आदि मौजूद रहे।

शनि मंदिर में महातेलाभिषेक

पाली, (नि.सं.)। विश्व मंगल कामनाओं के साथ शनि अमावस्या पर प्राचीन शनिश्चर मंदिर में महातेलाभिषेक कर महाप्रसादी का भोग लगाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोजन समिति के सुनील रामावत ने बताया कि पानी दरवाजा स्थित प्राचीन शनि देव बगेची मंदिर के महंत रमेश चंद्र शर्मा के सानिध्य में शनि अमावस्या पर शनि देव बगेची में भव्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुए।

दर्शनार्थियों को महाप्रसादी का वितरण किया गया।

इस दौरान पाली विधायक भीमराज भाटी , एडवोकेट गौतमचंद शर्मा, कांग्रस प्रवक्ता ताराचन्द चन्दनानी सहित अनेकों श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। कार्यक्रम में लालचन्द माली, प्रवीण भाटी, योगेश शर्मा, रामचरण शर्मा, कमलेश परिहार, मुन्ना भाई, सत्यनारायण शास्त्री सहित कई जने मौजूद थे।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हुए बेहतरीन कार्य : भाटी

जैसलमेर, (नि.सं.)। राजस्थान दिवस सप्ताह समारोह के तहत पांचवे दिवस शनिवार को कोटा में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का राज्य स्तरीय समारोह हुआ।

रोजगार उत्सव में स्थानीय जैन भवन में जैसलमेर विधायक भाटी ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले पन्द्रह माह में एतिहासिक एवं बेहतरीन कार्य करवाये गये है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य स्तरीय समारोह से वर्चुअली जैसलमेर जिले के रामगढ़ निवासी विजयकुमार जिनका सहायक प्राचार्य महाविद्यालय के पद पर चयन हुआ। इसके साथ ही जैसलमेर निवासी राहुल आचार्य नवनियुक्त फार्मासिस्ट से सीधा संवाद किया एवं रोजगार के लिये बधाई दी।

जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए उत्सव में जिला प्रमुख प्रतापसिंह सौलकी, जिला कलक्टर प्रतापसिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाशदान जुगतावत, उपखण्ड अधिकारी सक्षम गोयल, समाजसेवी दलपत मेघवाल, सुशीलकुमार व्यास, गेमरसिंह गोगादे, कंवराजसिंह चौहान, बाबूलाल शर्मा, अरुण पुरोहित सहित जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं युवा उपस्थित थे।

जैसलमेर विधायक भाटी व जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय समारोह में प्रतिकात्मक रुप से नियुक्ति-पत्र एवं वेलकम किट प्रदान किए एवं उन्हें बधाई दी। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेन्द्र पालीवाल, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.डी.सोनी, जिला रोजगार अधिकारी भवानी प्रताप चारण, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास पारसमल राठौड़, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भवानीसिंह के साथ ही चिकित्सा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विजय बल्लाणी एवं श्रीमती आरती मिश्रा ने किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

जालोर, (कासं) । स्थानीय सेंट एंस माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी एवं स्टाफ शनिवार को पारंपरिक वेशभूषा में विद्यालय में शिरकत की, विद्यार्थियों ने पारंपरिक राजस्थानी परिधानों में रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। साथ ही, राजस्थानी भाषा में कविता पाङ्ग एवं संवाद लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

संस्थान निदेशक पिंकी राजपुरोहित ने विद्यार्थियों को राजस्थानी परंपराओं, परिधानों, खान-पान एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कोमल शर्मा ने किया, जबकि मंच संचालन दीपक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ।

इस अवसर पर अविनाश सर, भगवती, लता, रेखा, तबस्सुम, कृष्ण, कविता, किरण, रजनी, हरिओम सर सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

गौ घाट पर महिलाओं ने गणगौर उत्सव मनाया

पाली, (नि.सं.)। श्री लाखोटिया महिला मण्डल के बेनर तले लाखोटिया उद्यान के गऊ घाट पर शनिवार को महिला मण्डल अध्यक्ष कमला सोलंकी के निर्देशन में दोपहर 3 बजे से शाम 6-30 बजे तक फाग गीतों के साथ भजन कीर्तन का आयोजन हुआ।

मण्डल की प्रवक्ता भाग्यवती गेहलोत ने बताया कि दोपहर 3 बजे से फाग गीतों के साथ ही विभिन्न वेश भूषा में शिव पार्वती का स्वांग रच कर महिलाओ ने नृत्य किया। इस अवसर पर गणगौर व घूडला का कार्यक्रम मे गणगौर ईश्वर की प्रतिमा सजाकर पूजा की एवम् शाम 6-30 बजे सरोवर महाआरती की गई।

इस कार्यक्रम में हशु वैष्णव, भाग्यवती गहलोत, विजय कमला, गीता, सुशील सुंदर सहित कई महिलाएं मौजूद रही।

भारतीय नववर्ष के लिए वाहन रैली निकाली

जालोर, (कासं)। भारतीय नववर्ष को लेकर क्रीडा भारती जालोर की ओर से शनिवार को शहीद भगतसिंह स्टेडियम से वाहन रैली निकाली गई।

जालोर में हिन्दू नववर्ष को लेकर शनिवार को शाम 4 बजे भगवा ध्वजा लहराते हुए वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली शहीद भगतसिंह क्रीड़ा स्थल से प्रारम्भ होकर देवनारायण सर्कल, कॉलेज चौराहा, राजेन्द्र नगर, विवेकानंद सर्कल, सूरजपोल, सदर बाजार, वीरमदेव चौक, घांचियों की पिलानी, बडी पोल, गौरव पथ रोड, तिलकद्वार , हरिदेव जोशी सर्कल, वन वे रोड, नगर परिषद, विवेकानंद सर्कल, नया बस स्टेण्ड, अमर गेस्ट हाउस वाली गली होते हुए सुंदेलाव तालाब पहुंची। वाहन रैली में नववर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ भगवा ध्वजा लहराने की लोगों से अपील करते नजर आये। वाहन रैली का विभिन्न जगह स्वागत किया गया।

आम सूचना

श्री गुमान सिंह राठौड पुत्र भंवर सिंह, निवासी - मोदरान, जिला जालोर का एक खरीदसुदा, कब्जासुदा, संपरिवर्तित, मालिकाना हक का भुखण्ड संख्या 54, ग्राम मोदरान् की आबादी भूमि में स्थित आशापुरी नगर खसरा नम्बर 739/3 कुल क्षैत्रफल 1500 वर्गफीट का आया हुआ है । जिसको रहमान खान ने बहैसियत आममुख्तियार विमला देवी पत्नि सुरेश कुमार से दिनांक 02.02.2024 को खरीद कर बेचाननामें का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय रामसीन में क्रम संख्या 202403435100216 पर पंजीबद्ध किया गया । उक्त भुखण्ड को विमला देवी ने डिम्पल पत्नि ओमकार, निवासी मोदरान् से दिनांक 05.09.2023 को खरीद कर उप पंजीयक कार्यालय रामसीन में क्रम संख्या 202303435101388 पर पंजीबद्ध किया गया एवं डिम्पल कँवर ने उक्त भुखण्ड चमन सिंह बहैसियत आम मुख्तियार अशोक कुमार से दिनांक 26.06.2018 को खरीद किया था तथा बेचाननामा उप पंजीयक कार्यालय रामसीन में क्रम संख्या 201803435100668 पर पंजीबद्ध किया गया तथा उक्त खसरा नम्बर 739/3 ग्राम मोदरान् का संपरिवर्तन आदेश तहसीलदार जालोर द्वारा जरिये आदेश संख्या एलसी/2013/1682-85 दिनांक 31.12.2013 को किया गया । उपरोक्त दस्तावेजो में से क्रम संख्या 201803435100668 दिनांक 28.06.2018 का कही गुम हो गया है जिसको ढूढने पर भी नही मिला है, तत्पश्चात् उक्त दस्तावेज की गुमसूदगी पुलिस थाना रामसीन में दिनांक 29.03.2025 को क्रम संख्या 2681200 /2025 पर दर्ज करवाई गई । उपरोक्त सम्पति पर श्री गुमान सिंह द्वारा **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा जालोर** द्वारा ऋण लिया जाना प्रस्तावित है इसलिये उक्त आम सुचना के जरिये सुचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को उक्त खोए गए दस्तावेज मिले हो तो अध्योहस्ताक्षरकर्ता को सम्पर्क कर लौटाने का श्रम करावें । तथा यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो तीन दिन के भीतर अध्योहस्ताक्षरकर्ता को दर्ज करावें । बाद म्याद गुजरने कोई आपति स्वीकार्य नही होगी ।

इति दिनांक : 29.03.2025

अभिनव सुथार अधिवक्ता
R1443/2005
वर्धमान कॉलोनी , आहोर तहसील आहोर, जिला जालोर (राज.)
मो नं. 9799152119

कार्यालय ग्राम पंचायत बिबलसर पंचायत समिति जालोर

क्रमांक/ग्रांपबि /मनरेगा /2025-26 /151 दिनांक: 29/03/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

ग्राम पंचायत बिबलसर में वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण स्रामगी एवं उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

NIB No. - ZJR2425A0634
UBN No. - ZJR2425GLOB01226

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत, बिबलसर
पंचायत समिति जालोर

सरपंच/ प्रशासक
ग्राम पंचायत, बिबलसर
पंचायत समिति जालोर